दिन–शनिवार दिनांक– 28 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. कोसी और वाल्मिकीनगर बराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने से सहरसा, सुपौल, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण समेत राज्य के तेरह जिलों में बाढ़ की स्थिति हुयी गंभीर।

02. जलस्तर में तेजी से वृद्धि को देखते हुए प्रभावित इलाकों में हाई– अलर्ट। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की दी जा रही है सलाह।

03. भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने सदस्यता अभियान को लेकर पटना में पार्टी नेताओं के साथ समीक्षा बैठक की। अगले दो महीने के दौरान राज्य में एक करोड़ नए सदस्य बनाने का लक्ष्य।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों के साथ ही राज्य के उत्तरी भागों में हो रही भारी बारिश के चलते गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती, कोसी और महानंदा समेत विभिन्न नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। जलस्तर में वृद्धि के कारण राज्य के तेरह जिलों के बड़ी आबादी प्रभावित हो रही है। ताजा जानकारी के अनुसार नेपाल से बड़ी मात्रा में पानी छोड़ा गया है, जिससे पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, गोपालगंज, सुपौल, सहरसा, अररिया, किशनगंज, शिवहर, सीतामढ़ी, पूर्णिया, मधुबनी समेत विभिन्न जिलों में हाई–अलर्ट घोषित कर दिया गया है। सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि वीरपुर कोसी बराज से आज अपराह्न चार बजे तक पांच लाख उनचास हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिला प्रशासन नदी के तटीय क्षेत्रों बसे लोगों को लगातार सतर्क कर रहा है। साथ ही उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। जल संसाधन विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ समेत विभिन्न विभाग के कर्मी लगातार निगरानी कर रहे हैं।

---

सहरसा जिले में नदी के तटीय इलाकों में बसे लोग बाढ़ के खतरे के मद्देनजर अपना घर–वार छोड़ने के लिए विवश हैं। एक रिपोर्ट––

———रिपोर्ट———

कोसी नदी में आई बाढ़ के कारण जिले के तटीय इलाकों में सतकर्ता बढ़ा दी गयी है। कोसी तटबंध के भीतर बसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। महिषि प्रखंड के कुंडा पंचायत में विभागीय अधिकारी लोगों को जागरूक कर सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दे रहे हैं। इधर, तटबंधों की निगरानी भी बढ़ा दी गयी है और जल संसाधन विभाग के अभियंताओं की टीम बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों में जुट गयी है। आकाशवाणी समाचार के लिए सहरसा से आरती कुमारी।

———————————————————————

सुपौल जिले में कोसी नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण जिलाधिकारी कौशल कुमार ने कोसी तटबंध का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि हालात के मद्देनजर लोगों से सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की अपील की जा रही है।

———बाईट———

पश्चिम चंपारण जिले में गंडक, सिकरहना, मशान, हडबोडा, पंडई सहित सभी नदियों का जलस्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र मे भारी बारिश का असर जिले में देखा जा रहा है। वाल्मीकिनगर गंडक बराज से शाम 5 बजे तक गंडक नदी मे 5 लाख 10 हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोडा गया है। आज रात तक 6 लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोडे जाने की संभावना है। जिला प्रशासन गंडक नदी के किनारे बसे लोगों को माईकिंग कर सुरक्षित स्थानो पर जाने की सलाह दे रहा है। इधर चंपारण तटबंध और पीपी तटबंध की सुरक्षा के लिये अभियंताओ को चौबीसो घंटे अलर्ट रहने को कहा गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए पश्चिम चंपारण से आशीष कुमार।

शिवहर जिले में बागमती नदी में आए उफान से एक बड़ी आबादी पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। जिला प्रशासन ने लोगों को सतर्क किया है। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

शिवहर जिले में बागमती नदी का जलस्तर खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर दर्ज किया गया है। नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की प्रवृत्ति जारी है। जलस्तर बढ़ने से कई जगहों पर तटबंध पर दबाव बढ़ गया है। बेलवा और पिपराही में तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी गयी है। जिला प्रशासन ने बाढ़ के खतरे को देखते हुए अलर्ट जारी किया है और लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए शिवहर से हरिकांत सिंह।

———————————————————————

मॉनसून की अति सक्रियता के कारण पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सुपौल, किशनगंज समेत राज्य के उत्तर—पश्चिम और उत्तर—पूर्व भागों में कई स्थानों पर भारी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वाल्मिकिनगर में सबसे अधिक दो सौ तीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश हुयी है। वहीं, चपनटिया में दो सौ तेरह, मोतिहारी में दो सौ तीन और गौनाहा में एक सौ

छियासी मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में बहुत भारी बारिश की आशंका जताई है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी संभावना है। विभाग ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

———बाईट———

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मन की बात कार्यक्रम की एक सौ चौदहवीं कड़ी होगी। श्री मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद यह मन की बात का चौथा कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जाएगा।

---

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा ने कहा है कि पार्टी का जनाधार प्रत्येक दिन बढ़ रहा है। पटना में भाजपा के विशेष सदस्यता अभियान की शुरूआत करते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के जनहित के फैसलों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। श्री नड्डा ने कहा कि दो माह के भीतर राज्य में एक करोड़ नए सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने सदस्यता अभियान के प्रभारी और अन्य सदस्यों से इसमें तेजी लाने को कहा है। इससे पहले श्री नड्डा ने मंत्रियों, सांसद, विधायक और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर राज्य में चल रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा की। पटना आगमन के बाद श्री नड्डा विधानसभा के पास स्थित शहीद स्मारक गए और वीर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि राज्य के हस्तशिल्प उत्पादों के निर्यात की काफी संभावनाएं हैं। श्री सिंह ने पटना के उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान में आज हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद, ईपीसीएच के पहले कार्यालय का

उद्घाटन करते हुए कहा कि इस समय राज्य से तीस करोड़ रूपये का हस्तशिल्प निर्यात होता है इसे बढाकर तीन हजार करोड़ रुपये तक किया जा सकता है।

———बाईट———

---

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद के कार्यकारी निदेशक आर के वर्मा ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि ने कहा कि दो हजार तीस परिषद ने बिहार से हस्तशिल्प के उत्पादों का निर्यात बढाकर एक सौ करोड़ ले जाने का तय किया है।

———बाइट———

---

नवादा जिले के सदर प्रखंड के बुधौल की रहनेवाली गीता मिश्रा कचड़ा से कंचन का बेहतरीन उदाहरण हैं। वो अपने हूनर से स्वच्छता अभियान को बढ़ावा दे रही हैं। प्रस्तुत है नवादा से अशोक प्रियदर्शी की रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

वीओ–एक

साठ साल की गीता देवी कचड़ा में फेंके जानेवाले पॉलिथीन से चटाई, बटरी और रस्सी बनाकर सगे संबंधियों और पड़ोसियों को मुफ्त उपलब्ध कराती हैं। इस प्रयास से घर के आसपास साफ सफाई रहती है और प्रदूषण रोकने में मदद मिलती है।

——बाइट– गीता मिश्रा, बुधौल, नवादा

वीओ–दो

परिवार और पड़ोसियों का भी इन्हे खूब सहयोग मिल रहा है । बहू राखी मिश्रा कहती हैं सासु मां का काम प्रेरणा बन गया है।

——बाइट– राखी मिश्रा, बहू, बुधौल

स्वच्छता के लिए छोटी सी इस पहल से स्वच्छता अभियान को बड़ा बल मिल रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए नवादा से अशोक प्रियदर्शी।

---

स्वर कोकिला भारत रत्न लता मंगेशकर की आज जयंती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। प्रस्तुत है उनके संगीतमय जीवन पर आकाशवाणी की ओर से विशेष श्रद्धांजलि।

———रिपोर्ट———

स्वर कोकिला के नाम से विश्वविख्यात पार्श्वगायिका, लता मंगेशकर की आज 95वीं जयंती है। लता मंगेशकर का जन्म 28 सितंबर 1929 को इंदौर में हुआ। उन्होंने दशकों तक अपनी मनमोहक आवाज़ से करोड़ों लोगों को मंत्रमुग्ध किया। लगभग 70 वर्ष से अधिक के अपने संगीतमय सफर में उन्होंने विभिन्न भाषाओं में 25000 से अधिक गानों को अपनी मधुर आवाज़ दी। लता दीदी अपनी विशिष्ट और

मधुर आवाज़ के लिए भारत रत्न से सम्मानित की गईं। उनकी आवाज़ को सुनकर कभी कोई भाव–विभोर हो गया, तो कभी उनकी आवाज़ ने सीमाओं की रक्षा करते हुए जवानों को देश भक्ति की भावना से ओत–प्रोत कर दिया। लता मंगेशकर जैसे व्यक्तित्व इस दुनिया में विरले ही जन्म लेते हैं। 6 फरवरी 2022 को स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने मुंबई में अपनी अंतिम सांस ली।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. कोसी और वाल्मिकीनगर बराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने से सहरसा, सुपौल, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण समेत राज्य के तेरह जिलों में बाढ़ की स्थिति हुयी गंभीर।

02. जलस्तर में तेजी से वृद्धि को देखते हुए प्रभावित इलाकों में हाई– अलर्ट। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की दी जा रही है सलाह।

03. भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने सदस्यता अभियान को लेकर पटना में पार्टी नेताओं के साथ समीक्षा बैठक की। अगले दो महीने के दौरान राज्य में एक करोड़ नए सदस्य बनाने का लक्ष्य।

04. और, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।